बड़ौदा रेलवे स्टेशन को जंकशन का दर्जा दिया जाना

8000. **श्री अमर सिंह बी० राठवा :** क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या बडौदा रेलवे स्टेशन का दर्जा बढ़ा कर उसे जंक्शन बनाया जायेगा और क्या इस स्टेशन के क्षेत्रफल का विस्तार करके इसका विकास करने की संभावना हैं ; और यदि हां, तो तत्सम्बन्धी ब्यौरा क्या है ;

(ख) क्या अहमदाबाद से बडौदा के लिये बरास्ता डबोई और अलीराजपुर से इन्दौर के लिये बरास्ता छोटा उदयपुर बडी लाइनो का निर्माण करने की कोई योजना है , और

(ग) क्या बडौदा मे नियुक्त रेल कर्मचारियों को आवासान सुविधाएं उपलब्ध की गई हैं और क्या नई सुविधाएं दी जानी है तथा इनमे रेलवे मजदूरो के लिये सुविधाएं भी सम्मिलित हैं ?

रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री शिव नारायण): (क) बदोदरा पहले से ही एक जंकशन स्टेशन हैं जहा 3 अलग-अलग दिशाओं अर्थात् सूरत—बदोदरा, बदोदरा-अहमदाबाद और बदोदरा-गोधरा से यातायात होता है । इस समय इस स्टेशन का और विस्तार करने का कोई प्रस्तवा नही है ।

(ख) इस तरह की कोई योजना इस समय विचाराधीन नही है ।

(ग) इस समय इस स्टेशन पर लगभग 40 प्रतिशत कर्मचारियों को रेलवे आवास की व्यवस्था है । रेल कर्मचारियों की वर्तमान सुविधाओं में सुधार करना एक सतत प्रक्रिया हैं और ऐसे कामों की जरुरत के अनुसार और धन की उपलब्धता होने पर रेलवे कार्यक्रम में शामिल किया जाता है ।

सहायक हिन्दी अधिकारी

8002. **श्री राम किशन :** क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि आपात स्थिति का दुरुपयोग करते हुए बहुत से ऐसे व्यक्तियों का संघ लोक सेवा आयोग द्वारा निर्धारित नियमों का उल्लंघन करके सहायक हिन्दी अधिकारियों के रुप मे चयन कर लिया गया था जो इस बारे में अपनाये जाने वाले मानदंड के अनुसार, योग्य नही थे तथा योग्य व्यक्तियों को साक्षात्कार के समय अस्वीकृत कर दिया गया था जबकि उन्होने लिखित परीक्षा पास कर ली थी ;

(ख) क्या यह सच है कि चुने गये बहुत से व्यक्तियो की शैक्षणिक योग्यताएं निम्न ग्रेड के हिन्दी अनुवादक के लिये निर्धारित योग्यताओं जितनी भी नही थी ,

(ग) क्या यह भी सच है कि यद्यपि रेलवे बोर्ड के चेयरमैन का ध्यान इस तथ्य की ओर दिलाया गया था तथापि उक्त व्यक्तियों को पेनल में शामिल कर लिया गया था ; और

(घ) यदि हा, तो इस अनियमित और पक्षपातपूर्ण कार्यवाही को समाप्त करने के लिये क्या कार्यवाही की जा रही है, और इस कार्य के लिये उत्तरदायी व्यक्तियो के विरुद्ध क्या कार्यवाही की जा रही है ?

रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री शिव नारायण) : (क) से (ग) . जी नही ।

(घ) नामसूची की घोषणा होने के पश्चात् कुछ कर्मचारियों से चयन के समय प्रक्रिया सम्बन्धी बरती गयी कुछ अनियमितताओ के बारे में अभ्यावेदन प्राप्त हुये थे । इन अभ्यावेदनों पर अब विचार किया जा रहा है ।